# बड़े पौधों से बनेगी ग्रीन रोड, स्वच्छ-निर्मल होगी शिप्रा

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संकल्पना के अनुरूप सिंहस्थ 2028 को विश्व स्तरीय और अलौकिक स्वरूप देने के लिए विकास कार्यों में तेजी लाई गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कान्ह डायवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना तथा जीवनखेड़ी से सिकंदरी तक निर्माणाधीन सीमेंट कांक्रीट मार्ग का नियमित निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह ने कहा कि सिंहस्थ महापर्व के दौरान देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालु और साधु-संत मोक्षदायिनी शिप्रा में स्वच्छ एवं निर्मल जल से स्नान कर सकें, इसके लिए कान्ह डायवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री गका संकल्प है कि सिंहस्थ 2028 में शिप्रा नदी का जल पूरी तरह स्वच्छ और पवित्र रहे। इसी उद्देश्य से कान्ह नदी के दूषित जल को शिप्रा में मिलने से रोकने के लिए यह महत्वाकांक्षी परियोजना तैयार की जा रही है। परियोजना पूरी होने के बाद शिप्रा नदी की स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने में बड़ी सफलता मिलेगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्रेन की सहायता से टनल में प्री-कास्ट सेगमेंट उतारने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। अधिकारियों को बताया गया कि कट एंड कवर भाग में कुल 18.15 किलोमीटर लंबाई में से 4.50 किलोमीटर क्षेत्र में प्री-कास्ट सेगमेंट की लेईंग का कार्य पूर्ण हो चुका है।



### चार शाफ्ट कार्य पूर्ण-लीकेज न हो-सर्विस रोड भी बनेगी

परियोजना के टनल भाग के निर्माण के लिए बनाए जा रहे चारों शाफ्ट का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। अधिकारियों को यह भी जानकारी दी गई कि कुल 12 किलोमीटर लंबाई की टनल में से 8.15 किलोमीटर क्षेत्र में खुदाई का कार्य पूरा हो चुका है और शेष क्षेत्र में तेजी से कार्य जारी है। संभागायुक्त आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि परियोजना में उपयोग किए जा रहे प्री-कास्ट सेगमेंट्स की फिनिशिंग बेहतर गुणवत्ता के साथ की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की लीकेज की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ से जुड़े प्रत्येक निर्माण कार्य में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के लिए अब हर दिन महत्वपूर्ण है। किसी भी स्तर पर कार्य में देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके बाद संभागायुक्त और कलेक्टर ने एमआर-21 जीवनखेड़ी-सिकंदरी सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। यहां लगभग 4.8 किलोमीटर लंबी और 30 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। अधिकारियों को बताया गया कि सड़क के एक हिस्से में सर्विस रोड निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है।

### निर्माण के साथ बड़े आकार के पौधे लगाए जाएं

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के साथ-साथ दोनों ओर बड़े आकार के पौधे लगाए जाएं, ताकि मार्ग पूरी तरह ग्रीन कॉरिडोर के रूप में विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर यातायात सुविधा देने के साथ-साथ सुंदर और हरियालीयुक्त सड़कें उपलब्ध कराना भी प्रशासन की प्राथमिकता है। संभागायुक्त ने निर्माण एजेंसियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अब कार्य में देरी का कोई कारण नहीं बचा है। सभी विभाग समन्वय के साथ तेजी से काम करें और तय समय सीमा में गुणवत्ता के साथ परियोजनाओं को पूर्ण करें।



# सती गेट को मूल स्वरूप में लाना है इसलिए एक रूप हो चौड़ीकरण...

**उज्जैन।** सिंहस्थ महापर्व 2028 अंतर्गत शहर में सुगम आवागमन एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण कार्य मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश अनुसार राज्य शासन से स्वीकृत राशि के द्वारा किया जा रहा है।

प्रचलित कार्यों के अंतर्गत शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा कंठाल से सतीगेट तक के मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को कहा कि सतीगेट जो कि शहर की प्राचीन धरोहर एवं पहचान है। उसको अपने मूल स्वरूप में लाने हेतु गेट के दोनों तरफ से समान रूप से चौड़ीकरण का कार्य किया जाए। इस कार्य में क्षेत्र के रहवासियों एवं व्यापारियों का भी सहयोग है। साथ ही समान रूप से सभी को नोटिस दिया जाए। व्यापारियों द्वारा भी मार्ग चौड़ीकरण में सहयोग किया जा रहा है। स्वयं द्वारा अपनी दुकानों को हटाने का कार्य कर रहे हैं। इसलिए निगम की जिम्मेदारी बनती है कि आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए कार्य किया जाए। इस दौरान एमआईसी सदस्य प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, सत्यनारायण चौहान, जितेंद्र कुवाल एवं उपयंत्री राजेंद्र रावत उपस्थित रहे।

# निगमायुक्त मिश्रा ने देर रात किया रोड चौड़ीकरण का निरीक्षण

- अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर
- कार्य में गति लाने के लिए निर्देश

**उज्जैन।** सिंहस्थ महापर्व 2028 अंतर्गत सुगम आवागमन श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर के प्रमुख आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण कार्य मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश शासन के निर्देश अनुसार राज्य शासन से स्वीकृत राशि से नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है।

चौड़ीकरण कार्य अंतर्गत निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा निरंतर समस्त कार्यों पर मॉनिटरिंग की जा रही है। सुबह से रात तक आयुक्त द्वारा लगातार मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों को बैठक, वीडियो कांफ्रेंसिंग तथा निरीक्षण के माध्यम से समीक्षा की जा रही है। साथ ही प्रतिदिन प्रत्येक कार्य स्थल के रिव्यू संबंधित अधिकारियों से लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा गुरुवार रात 12.30 बजे शहर के प्रमुख मार्ग चौड़ीकरण कार्य जिसमें नानाखेड़ा, दो तालाब, नीलगंगा, कंठाल चौराहा,



ढाबा रोड, तेलीवाड़ा में प्रचलित रोड चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा कार्य में गति लाने के निर्देश दिए साथ ही जितनी भी साइट पर काम चल रहा है। रात्रि में भी कार्य करने के लिए ठेकेदारों को निर्देशित किया कि रात्रि में भी कार्य हेतु संसाधन एवं आवश्यक लेबर बढ़ाएं। इस कार्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### यह रहे उपस्थित

जैसे-जैसे साइड क्लियर होती जा रही है नाली निर्माण, विद्युत पोल शिफ्ट प्राथमिकता से करते हुए रोड निर्माण का कार्य किया जाए। ताकि क्षेत्र के नागरिक परेशान ना हो मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों में क्षेत्र के नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार, आरके जैन संबंधित कार्य के ठेकेदार एवं कंसलटेंट उपस्थित रहे।

# हत्या के दो आरोपियों को आजीवन कारावास

**उज्जैन।** 19 मई 2022 को तेजूबाई नामक महिला ने नरवर थाना पुलिस को अपने पति हरिराम की गुमशुदगी दर्ज कराई थी और बताया था कि पति को बल्लू उर्फ बालकृष्ण महाराज अपने साथ ले गया था। उसके बाद से पति नहीं लौटा है।


पुलिस ने लापता हरिराम की तलाश शुरू की, इस बीच 25 मई 2022 को एक कुएं से वृद्ध की लाश मिली। जिसकी पहचान हरिराम के रूप में हुई। मृतक के शरीर पर चोंट के निशान थे। पुलिस ने मर्ग कायम जांच शुरू की और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर बल्लू महाराज उर्फ बलराम उर्फ बालकृष्ण शर्मा निवासी ग्राम आसेर थाना कायथा को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी गोकुलसिह निवासी ग्राम सारोला और महेश पांचाल निवासी ग्राम दोंता जागीर थाना मक्सी जिला देवास के साथ हत्या कर लाश ठिकाने लगाना कबूल कर लिया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। 4 साल तक चली सुनवाई के बाद गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश एपीएस चौहान ने बल्लू उर्फ बालकृष्ण और गोकुल को धारा 302 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया पुलिस अनुसंधान के दौरान पाया गया कि आरोपी बालकृष्ण और हरिराम में लेनदेन का संव्यवहार था, आरोपी बालकृष्ण ने मृतक हरिराम को नकली सोने के हार व कान का टाप्स देकर रुपए उधार लिये थे। हरिराम द्वारा उक्त हार व कान की टाप्स बैंक में जमा करने की बात बालकृष्ण को बताई तो बालकृष्ण को लगा कि उसकी पोल खुल जायेगी। तब उसने सहआरोपी गोकुल के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची और लालच दिया कि हार उसके हिस्से में जायेगा। हत्या में महेश पांचाल को भी शामिल किया और उसकी बाइक से हरिराम को हत्या वाली जगह तक लाया गया। जहां गोकुल और बल्लू महाराज ने हत्या कर लाश को ठिकाने लगा। प्रकरण में शासन का पक्ष पैरवीकर्ता ईश्वरसिंह केलकर विशेष लोक अभियोजक द्वारा रखा गया।

## एक नजर में



### नेशनल गेम्स में चार खिलाड़ियों का चयन

**उज्जैन।** केंद्रीय विद्यालय बैडमिंटन नेशनल गेम्स के लिए उज्जैन के चार होनहार खिलाड़ियों का चयन हुआ है। आईआईटी इंदौर में आयोजित 55वें केंद्रीय विद्यालय रीजनल स्पोर्ट्स 2026 में उज्जैन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम रखा। महानंदा विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के कोच योगेश बंदेवार ने बताया कि वेदांशी रावत, तोषी सेंगर, वेदिका कुनहारा और सार्थक सिंह ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए नेशनल गेम्स के लिए अपनी जगह पक्की की है। स्पर्धा के खिताबी मुकाबले में वेदांशी रावत ने भोपाल की सोनाक्षी को सीधे सेटों में हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं, तोषी सेंगर ने भोपाल की वैष्णवी को कड़े संघर्ष के बाद 13-15, 15-4 और 15-10 से पराजित कर रजत पदक हासिल किया। तोषी, वेदांशी और वेदिका का यह लगातार तीसरा नेशनल टूर्नामेंट होगा। चयनित सभी खिलाड़ी महानंदा स्थित विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब में कोच योगेश बंदेवार के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, उज्जैन बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव, विक्रमादित्य बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष दिनेश जाटबा, सचिव जितेंद्र मुकाती, यूडीबीए सचिव प्रभात शिरसाट सहित सभी खेल प्रेमियों और सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### विद्यार्थियों को समय पर मिलेंगी किताबें

**उज्जैन।** प्रदेश के विद्यालयों में विद्यार्थियों को समय पर किताबें उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। यह बात मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष सौभाग्य सिंह मंगरोला ने कही। वे उज्जैन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। मंगरोला ने निगम की कार्यप्रणाली स्पष्ट करते हुए बताया कि पाठ्य पुस्तक निगम का मुख्य कार्य पुस्तकों के मुद्रण का है। जबकि पुस्तकों की सामग्री तैयार करने के लिए लेखन समिति अलग से कार्य करती है। उन्होंने कहा कि निगम का विशेष ध्यान इस बात पर रहेगा कि पुस्तकें समय पर मुद्रित हों और उनमें इस्तेमाल किए जाने वाले कागज की गुणवत्ता उत्कृष्ट हो, ताकि विद्यार्थियों को इसका अधिक से अधिक लाभ मिल सके। चर्चा के दौरान निगम अध्यक्ष मंगरोला ने अपनी नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता पर जो महत्वपूर्ण विश्वास जताया है, वे उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

### आज एक शाम लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के नाम

**उज्जैन।** शहर की संस्था म्यूजिक मैजिक के तत्वावधान में आज शनिवार, 9 मई को एक शाम लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के नाम संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में शाम 7.30 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित कलाकार प्रसिद्ध संगीतकार जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। संस्था के अध्यक्ष एवं निर्देशक सूर्यकांत बरहानपुरकर ने बताया कि इस सांगीतिक संध्या में संस्था के गायक-गायिकाओं द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी जो श्रोताओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कार्यक्रम में भालचंद्र कुलकर्णी, रवींद्र अयाचित, उल्हास मांजरेकर, एकनाथ पांडे और ब्रजमोहन खंडेलवाल अपने सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। संचालन वर्षा कमलाकर एवं स्वाति कालरा करेंगी।

# साड़ी का फंदा बनाकर शराबी युवक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** बीती शाम युवक ने घर में साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर परिजन उसे देखने पहुंचे तो लटका देखा। युवक को उतारकर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम करवाया है। जांच के बाद ही युवक द्वारा लगाई गई फांसी की वजह सामने आ पाएगी।

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि राजेन्द्र नगर में रहने वाले भूरा पिता मदनलाल राठौर द्वारा फांसी लगाने की सूचना शासकीय चरक अस्पताल से मिली थी। देर शाम का समय होने पर पोस्टमार्टम नहीं कराया गया। मामले में मर्ग कायम कर घटना स्थल का



कमरा सील किया गया। सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। बताया जा रहा है कि मृतक भूरा फव्वारा चौक क्षेत्र में दुकान पर काम करता था और शराब पीने का भी आदी था। उसने फांसी क्यों लगाई इसकी वजह परिजनों के गमगीन होने पर सामने नहीं आ पाई है। प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे। फिलहाल मामला जांच में है।

# कंचनपुरा में उपद्रव मचाने वाले बदमाश का निकाला जुलूस

- 75 साल महिला और रिश्तेदार सहित युवक घायल हो गए थे

**उज्जैन। कंचनपुरा में बुधवार गुरुवार रात कुछ बदमाशों ने जमकर उपद्रव मचाया था और एक मकान में तोड़फोड़ करने के साथ महिलाओं से मारपीट करते हुए वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। पुलिस ने एक बदमाश को हिरासत में लेने के बाद उसी क्षेत्र में जुलूस निकाला जहां उसने साथियों के साथ बवाल किया था। कंचनपुरा में जुलूस निकाला।**

माधव नगर थाना क्षेत्र के कंचनपुरा में रहने वाले भागीरथ रायकवार के मकान पर आधी रात को ढांचा भवन क्षेत्र के रहने वाले गोलू उर्फ पप्पू रायकवार ने अपने साथियों के साथ मिलकर जमकर



तोड़फोड़ की थी और परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट करते हुए वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। बावल में भागीरथ की पुत्री पूजा और 75 साल की मां भगवती बाई के साथ रिश्तेदार महिला और युवक घायल हो गए थे। कंचनपुरा में बदमाशों के उपद्रव की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। उपद्रव करने वाले बदमाश भाग निकले थे। लेकिन पुलिस ने पीछा कर गोलू उर्फ पप्पू के साथ एक नाबालिग को हिरासत में ले लिया था। हिरासत में आए गोलू उपद्रव का मुख्य आरोपी होना सामने आया था। जिसका पुलिस ने शाम को कंचनपुरा क्षेत्र में जुलूस निकाला और रात में फैलाई गई दहशत को लोगों के बीच बीच से काम किया। बदमाश गोलू कान पकड़कर माफी मांगता रहा।

### पड़ोसी से पिछले 2 साल से चल रहा विवाद

थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने बताया कि तोड़फोड़ और मारपीट करने वाले बदमाश को आज न्यायालय में पेश किया जाएगा उसके पूछताछ कर अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। आरोपी गोलू कंचनपुरा में रहने वाले आईटीआई में सदस्य भागीरथ के पड़ोस में रहने वाले परिवार का जमाई है। भागीरथ का पड़ोसी से पिछले 2 साल से विवाद चल रहा है। जिसका मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। उसी मामले में गोलू ने अपने नाबालिग साले और साथियों के साथ मिलकर भागीरथ के घर पर उपद्रव किया था।

# सब्जी मंडी में व्यापारियों से कहा, पॉलीथिन का न करें इस्तेमाल

**महापौर मुकेश टटवाल ने वार्डों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया**

**उज्जैन।** स्वच्छता में शक्ति, उज्जैन की भक्ति विशेष सफाई अभियान एवं नागरिकों से संवाद अभियान अंतर्गत शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा वार्ड पार्षद की उपस्थिति में प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, प्रकाश व्यवस्था, पीएचई विभाग, उद्यान विभाग, आईईसी टीम उपस्थित रही एवं सफाई अभियान के तहत, सफाई कार्य के




साथ साथ, उद्यान सफाई, पानी के लीकेज का संधारण एवं गंदे पानी की शिकायत निवारण आदि कार्यवाही की गई। अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को वार्डों में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें महापौर ने वार्ड क्रमांक 13 पत्ती बाजार, वार्ड 36 लोकमान्य तिलक उद्यान एवं वार्ड क्रमांक 38 मक्सी रोड सब्जी मंडी पर विशेष सफाई अभियान में सम्मिलित हुए। वार्ड क्रमांक 38 मक्सी रोड स्थित सब्जी मंडी में सब्जी विक्रेताओं से चर्चा करते हुए कहा कि मंडी परिसर में सफाई का ध्यान रखें, पॉलीथिन का उपयोग ना करें।

### निरीक्षण के दौरान यह रहे उपस्थित

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के सत्यनारायण चौहान, प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, जितेंद्र कुवाल, दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त संजेश गुप्ता, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, झोनल अधिकारी राकेश वास्कले, श्याम सुंदर शर्मा एवं आईईसी टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# आज आयोजित होगा मां मुझे टैगोर बना दे का मंचन

- कोठी रोड स्थित कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में



**उज्जैन।** रंग शक्ति सांस्कृतिक एवं लोक हित समिति द्वारा शहर के कला और रंगमंच प्रेमियों के लिए एक विशेष एकल नाट्य प्रस्तुति का आयोजन किया जा रहा है। आज 9 मई शनिवार को शाम 7.30 बजे बहुचर्चित नाटक मां मुझे टैगोर बना दे का मंचन किया जाएगा।

कार्यक्रम कोठी रोड स्थित कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्य गृह में आयोजित होगा। इस नाटक का अभिनय एवं निर्देशन जम्मू के कलाकार लकी गुप्ता द्वारा किया जा रहा है। यह एकल नाट्य प्रस्तुति मुख्य रूप से एक बेटे की उस छोटी सी चाह पर आधारित है, जिसमें वह मां की गोद से उठकर विश्व-कवि बनने की राह पर आगे बढ़ता है। आयोजक रंग शक्ति सांस्कृतिक एवं लोक हित समिति ने शहर के सभी नागरिकों और कला जगत से जुड़े लोगों को इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया है। समिति का मानना है कि दर्शकों की उपस्थिति ही कलाकारों के लिए सच्ची प्रेरणा होगी।

# कलेक्टर ने नलकूप खनन पर लगाई रोक

**उज्जैन। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने ग्रीष्म ऋतु में भू जल स्तर में गिरावट को दृष्टिगत रखते हुए संपूर्ण जिले में अशासकीय एवं निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया है।**

आदेशानुसार जिले की सीमा में नलकूप, बोरिंग मशीन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति के बिना प्रवेश नहीं करेंगी (सार्वजनिक सड़कों से गुजर रही मशीन को छोड़कर)। और बिना अनुमति के कोई नया नलकूप खनन नहीं करेगी। बिना अनुमति अवैध रूप से जिले में प्रतिबंधात्मक स्थान पर प्रवेश करने पर मशीन जब्त कर एफआईआर दर्ज की जाएगी। आदेशानुसार समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को उनके क्षेत्र के अंतर्गत अपरिहार्य प्रकरणों के लिए एवं अन्य आवश्यक प्रयोजनों के लिए उचित जांच के पश्चात अनुज्ञा के लिए प्राधिकृत किया जाता है। निजी नलकूप एवं अन्य विद्यमान निजी जलस्त्रोतों का आवश्यकता होने पर सार्वजनिक पेयजल व्यवस्था के लिए अधिग्रहण किया जा सकेगा। उक्त आदेश के उल्लंघन करने पर प्रथम अपराध के लिए पांच हजार रुपए का जुर्माना और पश्चातवर्ती प्रत्येक अपराध के लिए दस हजार रुपए या कारावास से, जो दो वर्ष तक का हो सकेगा से दंडनीय होगा। उक्त आदेश शासकीय योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले नलकूप उत्खनन पर लागू नहीं होगा।

**साध्वी की कथा... 19 अप्रैल को ही गंगा घाट आश्रम में लिया था संन्यास, 52 शक्तिपीठों पर बोली**

# दीक्षा के बाद हर्षा रिछारिया की उज्जैन में पहली कथा

**उज्जैन।** उज्जैन के मौन तीर्थ गंगा घाट आश्रम में महामंडलेश्वर सुमनानंद गिरि महाराज से दीक्षा लेकर मॉडल से साध्वी बनी हर्षा रिछारिया अब कथा भी कर रही है। उज्जैन के पास ही गांव में शुक्रवार से उनकी कथा प्रारंभ हुई जिसमें पहले दिन उन्होंने शक्तिपीठ के बारे में प्रवचन दिए। बड़ी संख्या में भक्त उन्हें सुनने के लिए उमड़े। उज्जैन से करीब 22 किलोमीटर दूर लक्ष्मीपुरा गांव में आयोजित 108 कुंडीय यज्ञ के दौरान यह कथा रखी गई है। करीब डेढ़ घंटे तक दिए प्रवचन में हर्षा ने देवी शक्ति, माता सती और 52 शक्तिपीठों



के महत्व पर बोलते हुए कहा कि जैसे हिंदी वर्णमाला में 52 शब्द हैं, वैसे शक्तिपीठ भी 52 हैं, इनसे निकले बीज मंत्र से 52 वर्णमाला बनी है। गत 19 अप्रैल को हर्षा ने उज्जैन में दीक्षा ली थी। इसके पहले प्रयाग महाकुंभ में हर्षा सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रह चुकी है।



### हरियाणा के विस स्पीकर ने किए महाकाल दर्शन

महाकाल मंदिर में नेताओं और वीआईपी का आना निरंतर जारी है जहां पूजन पाठ करने के उपरांत प्रार्थना की जाती है। इसी क्रम में हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण ने उज्जैन प्रवास के दौरान ज्योतिर्लिंग महाकाल के दर्शन किए। वे सुबह की भोग आरती में शामिल हुए। पुजारियों ने उनका पूजन-अर्चन संपन्न कराया। इसके पश्चात नंदीहाल में मंदिर प्रबंध समिति की ओर से हरविंदर कल्याण का स्वागत किया गया।